गोरा के लाल गणेश | By Abhishek Raj Anand

जय जय जय गौरी लाल
जय जय जय गौरी लाल

तीन लोक गौरी लाल समाए
रिध्धि सिद्धि तेरे गुण गाये
मिट जाए सकल कलेश जी
गणपति श्री गणेश जी
गौरा के लाल गणेश जी

देवी देव तेरा करते वंदन
सबसे पहले तुमको निमंत्रण
जो भी इनका नाम सिमरता
लिखते उसके लेख जी
गणपति श्री गणेश जी
गौरा के लाल गणेश जी

मूसे की ये सवारी करते
सबके दुखड़े आप हैं हरते
माता पारवती हैं इनकी
पिता हैं जिनके महेश जी
गणपति श्री गणेश जी
गौरा के लाल गणेश जी

पान सुपारी फूल चढ़ाएं
लड्डुओं का तुम्हे भोग लगाए
अभिषेक करे तुमको मनाएं
ब्रह्मा विष्णु महेश जी
गणपति श्री गणेश जी
गौरा के लाल गणेश जी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a5%87%e0%a4%b6-by-abhishek-raj-anand/